संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

पांच सिंचाई योजनाओं के लिए 26 करोड़ रूपए स्वीकृत

स्वदेश,रायपुर। प्रदेश की पांच विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को पूर्ण कराने के लिए 26 करोड दो लाख एक हजार रूपए स्वीकृति दी गई है। इन योजनाओं के कार्य पूरा होने से 03 हजार 501 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड-डोंगरगढ़ के छीपा व्यपर्वतन नहर लाइनिंग कार्य के लिए पांच करोड़ 97 लाख 21 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 555 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। रायपुर जिले के विकासखण्ड-अभनपुर के कोल्हान नाला पर तर्रा स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए तीन करोड़ 72 लाख 41 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 49 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-धरसींवा के बुडेरा जलाशय नहर लाइनिंग एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए एक करोड़ 34 लाख 98 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है।

राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में दस दिवसीय प्रशिक्षण जारी

स्वदेश,रायपुर। राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में नव नियुक्त सहायक ग्रेड-03, लिपिक वर्गीय कर्मचारियों का 10 दिवसीय पूर्व सेवाकालीन प्रशिक्षण 05 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2022 तक आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न वनमंडलों से कुल 40 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त 10 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों के लिए योगा एवं खेलकूद को भी शामिल किया गया है। इस प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संस्थान के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री संजय कुमार ओझा द्वारा संबोधित किया गया उन्होंने इस दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाये जाने के लिए कहा। प्रशिक्षण में संस्थान के अपर संचालक श्रीमती निर्मला खेस्स द्वारा प्रशिक्षण की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में संस्थान के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थें।

शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 10 से 12 तक

स्वदेश,रायपुर। शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति तीन दिवसीय राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 दिसम्बर तक किया जा रहा है। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए आयु वर्ग अनुसार प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए 9 दिसम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए केनवास, कार्ट्रिज पेपर एवं ईजल संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

मितानिन पेटी से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक पर्याप्त दवाई के लिए बेहतर आपूर्ति व्यवस्था जरूरी : टी.एस. सिंहदेव

स्वदेश संवाददाता, रायपुर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज सीजीएमएससी के अध्यक्ष एवं निदेशकों तथा वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ देशभर से आए फॉर्मास्युटिकल कंपनियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की। सीजीएमएससी द्वारा रायपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय फॉर्मास्युटिकल एंड इक्वीपमेंट मेनुफेक्चरर्स मीट के पहले दिन आज सिपला, एबॉट, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, जिओमेड, भारत सीरम, जॉनसन एंड जॉनसन, नोवार्टिज और बायोकॉन जैसी कई प्रतिष्ठित कंपनियों सहित करीब 90 फॉर्मा व सप्लायर कंपनियों तथा दवा आपूर्ति की निविदा में भाग लेने वाले फर्मों ने हिस्सा लिया। सीजीएमएससी के अध्यक्ष डॉ. प्रीतम राम, निदेशक डॉ. के.के. ध्रुव और स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर. भी मीट में शामिल हुए।

मीट में प्रदेश में दवाईयों एवं कन्ज्युमेबल्स की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। सीजीएमएससी के द्वारा दवा आपूर्ति के लिए जारी निविदा में कम्पनियों की भागीदारी बढ़ाने, वर्तमान निविदा प्रक्रिया में सप्लायरों को आ रही समस्याओं तथा उनके समाधान, दवाओं के क्षेत्र में उपलब्ध नवीन तकनीकों, भविष्य की कार्ययोजना आदि विषयों पर भी इस दौरान विमर्श किया गया। प्रतिभागी कंपनियों ने निविदा की वर्तमान प्रक्रिया और इसे बेहतर बनाने के लिए अपने फीडबैक और सुझाव दिए। राष्ट्रीय फॉर्मास्युटिकल एंड इक्वीपमेंट मेनुफेक्चरर्स मीट के दूसरे दिन कल 7 दिसम्बर को मेडिकल उपकरणों के निर्माण और आपूर्ति से जुड़ी कंपनियां भाग लेंगी।

स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने राष्ट्रीय फॉर्मास्युटिकल एंड इक्वीपमेंट मेनुफेक्चरर्स मीट का शुभारंभ करते हुए कहा कि मितानिन पेटी से लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पतालों तक पर्याप्त दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने बेहतर आपूर्ति व्यवस्था जरूरी है। इसके बिना यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सीजीएमएससी के द्वारा प्रदेश भर में सही कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाई उपलब्ध कराने के लिए इसकी आपूर्ति की व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। सही कीमत पर दवाईयां मिलने से प्रदेश के लिए ज्यादा दवाईयां खरीदी जा सकती हैं। उन्होंने मीट में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों के सहयोग से प्रदेश में दवा आपूर्ति में तेजी लाने और पर्याप्त दवाईयों के भंडारण में मदद मिलेगी।

सीजीएमएससी के अध्यक्ष विधायक डॉ. प्रीतम राम ने मीट को संबोधित करते हुए कहा कि दवाईयों की पर्याप्त आपूर्ति और भंडारण के लिए समुचित व्यवस्था जरूरी है। दूरदराज के अस्पतालों में भी सभी दवाईयां उपलब्ध हो।

मुख्यमंत्री ने कुलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की
प्रदेश में सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की

स्वदेश संवाददाता, रायपुर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजिम में भगवान कुलेश्वरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुख, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विधि-विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने पूजा अर्चना की।

नगर निगम सभागृह में जन चौपाल, 10 आवेदन प्राप्त, 5 का हुआ निराकरण

स्वदेश संवाददाता, राजनांदगांव

नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में आज मंगलवार दोपहर 1:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जन चौपाल में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जन चौपाल में राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, निर्माण कार्य एवं दुकान संबंधी 10 आवेदन प्राप्त हुए। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि जन चौपाल का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करना है। चौपाल में आये आवेदनों का उचित समाधान किया जायेगा ताकि उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

जनचौपाल के दौरान कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, तत्काल निराकरण के दिये निर्देश

स्वदेश संवाददाता, बेमेतरा

कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज मंगलवार को साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान शहर सहित दूर-दराज के गांव से आए ग्रामीणों और किसानों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना। जनचौपाल में मांग, समस्या एवं शिकायत से संबंधित 37 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधीश ने कहा कि तकनीकी रुप से जिन मामलों में आवेदनों का निराकरण नियमानुसार संभव नहीं है उस पर आवेदक को पृथक से लिखित रुप में सूचना भी दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा सुश्री सुरुचि सिंह, नवागढ़ प्रवीण तिवारी, बेरला युगल किशोर उर्वशा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। जिला कार्यालय के दृष्टि-सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने, ट्रायसायकल प्रदान किये जाने, अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने, किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली राशि का लाभ नहीं मिलने के संबंध में, पुराना शौचालय, कीचन, शाला भवन डिसमेंटल कर नवीन निर्माण करने के संबंध में, मनरेगा में हुए घोटाले के संबंध में, डिमाण्ड राशि जमा पश्चात विद्युत कनेक्शन देने के संबंध में, ग्राम रवेली प.ह.न.20 के पटवारी के द्वारा सी फार्म भरकर नहीं देने की शिकायत के संबंध में, शेष बचे धान के उपार्जन हेतु टोकन जारी करने के संबंध में, एक आवेदक द्वारा ज्ञापन दिया गया कि अनियमितता की शिकायत करने के बावजूद सरपंच सचिवों के उपर कार्यवाही नहीं करने पर जनपद पंचायत सीईओ नवागढ़ के उपर उचित कार्यवाही करने की मांग की, मेहतरुराम देवांगन नया पारा वार्ड नं. 15 बेमेतरा को वृद्ध पेंशन दिलाने के संबंध में, धान विक्रय की अनुमति के संबंध में, जिला खनिज न्यास निधि की राशि दिलाने के संबंध में, ग्राम बनरांका ठाकुर पारा मितानीन रुकमणी धुर्वे द्वारा ग्राम स्वच्छता व पोषण समिति में बिल में फर्जी हस्ताक्षर कर राशि आहरण करने जांच कर मितानिन के विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में, कोविड-19 संक्रमण नियंत्रण हेतु वाहन अधिग्रहण की राशि भुगतान करने, ढोलिया चारभाठा बाईपास रोड की जमीन बिक्री के संबंध में, ग्राम पंचायत बाघुल में उचित मूल्य की दुकान को पंचायत द्वारा संचालन किये जाने हेतु, धान खरीदी उपकेन्द्र चक्रवाय पंजीयन क्र. 1323 का नाम परिवर्तन कर उपकेन्द्र झूलना करने के संबंध में, पेयजल हेतु वार्ड एक नारायणपुर में सौर ऊर्जा लगाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

नवा रायपुर में निःशुल्क योगाभ्यास केन्द्र प्रारंभ

योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने किया शुभारंभ

स्वदेश संवाददाता, रायपुर

नवा रायपुर, अटल नगर के सेक्टर 27 स्थित बॉटनिकल गॉर्डन में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नगर निगम के नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम के अंतर्गत इसे शुरू किया गया है। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सोमवार 5 दिसंबर से निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ हुआ। यह योग आयोग द्वारा नगर निगम क्षेत्र में शुरू किया गया 26वां केन्द्र होगा। इस केन्द्र का संचालन योग प्रशिक्षक श्रीमती श्यामा साहू द्वारा प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक किया जाएगा।

Public Notice

Public Notice u/s 72 of India, Partnership Act 1932

It is notified that a change in the constitution of Partnership Firm M/s Choupal Cold Storage, Raipur (CG) has taken Place where by Jasprit Saluja and Baljeet Kaur Saluja Continue the Partnership Firm as Partner on 25/11/2021 and Vijay Mukim, Anil Tunyani, Lalit Kumar Jain and Piyush Mukim retired from the Partnership firm on 25/11/2021.

For, M/s Choupal Cold Storage
Partner

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग क्रं. 2, बलौदाबाजार (छ.ग.)

ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. **115811** निविदा सूचना क्र. 09/व.ले.लि./2022-23 दि. **05.12.2022**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **26.12.2022** 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम - लवन शाखा नहर के वितरक शाखा क्रमांक 11 के खैरा माईनर का रिमॉडलिंग, सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग एवं पक्के कार्यो का पुनर्निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रू. **50.94** लाख
(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 01.08.2014 तक))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **12.12.2022** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग क्रं. 2
बलौदाबाजार

जी-96429/3

कांग्रेस ने संगोष्ठी सभा आयोजित कर पुण्यतिथि पर बाबा साहेब आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

स्वदेश संवाददाता, राजनांदगांव

भारत रत्न डा. बाबा साहेब अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद कलेक्टोरेट स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संगोष्ठी सभा को खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, महापौर हेमा देशमुख, उत्तर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, संजय साहू ने संबोधित किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबडा ने कहा कि डांक्टर भीमराव अम्बेडकर साहेब ने देश के सभी वर्गों का ध्यान में रखते हुए सभी के हितों व जीने की राह दिखाते हुए इनकी रूपरेखा कैसे होने चाहिए इन बातों को लेकर संविधान का निर्माण कराया था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, योगेन्द्र प्रताप सिंह, भोजराज भेलावे, पार्षद मनीष साहू, रिखी यादव, सुरेन्द्र देवांगन, एल्डरमैन मामराज अग्रवाल, विष्णु सिंह ठाकुर, प्रमोद बागड़ी, मुस्तफा जोया, विशु अजमानी, सुरेन्द्र गजभिये, शिवम गढ़पायले व कांग्रेसजन उपस्थित थे। संगोष्ठी सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों का शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने आभार जताया।

स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय : नं. 1, तल मंजिल, पुष्पक सीएचएस, गोमंतक हाल के सामने, मालविया रोड, विले पार्ले, (ईस्ट) मुम्बई - 400 057 फोन : 18001234427

svatantra Micro Housing Finance Corporation

जबकी,

परिशिष्ठ IV [नियम 8 (1) देखें] आधिपत्य सूचना

स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (SMHFC) के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002** की धारा 13 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके नीचे तालिका में उल्लेखित ऋणीयों को मांग सूचना पत्र जारी कर उनसे मांग सूचना दिनांक/प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अंदर ऋण राशि एवं उस पर ब्याज एवं खर्चे सहित अदा करने की मांग की गई थी।

चूंकि ऋणीयों ने अदायगी में त्रुटि की है अत: ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता तथा सर्वसाधारण जनता को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्तियों का **आधिपत्य** अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया है।

ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इन सम्पत्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार न करें और यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (SMHFC) के ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता के समक्ष वर्णित राशि एवं पुर्नभुगतान तक उस पर ब्याज एवं खर्च के अधीन होगा।

क्रं.	ऋणी(यों)/ जमानतदार(रों) के नाम	मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक	बकाया राशि	संपत्ति का विवरण
1	श्रीमती सिमा ध्रुव श्री रैनु ध्रुव	04-12-2021 03-12-2022	रू. 1,78,286/- (रुपये एक लाख अठहत्तर हजार दो सौ छियासी मात्र)	फ्लैट नंबर 70 (प्लॉट एरिया 550 वर्ग फीट), अटल आवास कान्हापुरी कुरुद ईडब्ल्यूएस, सीएचबी - अटल आवास - कान्हापुरी कुरुड़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गांव कन्हरपुरी, कुरुद, जिला- धमतरी, छत्तीसगढ़, पिन कोड 493663
2	श्रीमती शकुन बाई सेन श्री इंद्रा सेन	11-08-2022 01-12-2022	रू. 3,82,510/- (रुपए तीन लाख बयासी हजार पांच सौ दस मात्र)	फ्लैट नंबर 506, एफ, आरडीए - इंद्रप्रस्थ फेज II ईडब्ल्यूएस इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, रायपुरा, तहसील और जिला रायपुर - 492013
3	श्री हीरालाल श्रीमती जनक भाटपहरी श्रीमती दिगेश्वरी गिलहरे	11-08-2022 02-12-2022	रू. 6,28,638/- (रुपये छह लाख अट्ठाईस हजार छह सौ अड़तीस मात्र)	पटवारी हल्का नंबर 09 (नया नंबर 18), खसरा नंबर 338/17, मानपुर में, महासमुंद, छत्तीसगढ, 493551
4	श्री विजय गिरी श्रीमती जानकी गिरी	11-08-2022 01-12-2022	रू. 6,86,218/- (रुपये छह लाख छियासी हजार दो सौ अठारह मात्र)	फ्लैट नंबर 910, एलआईजी ब्लॉक - 76, सीएचबी - दीनदयाल आवास-कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आदर्श चौक के पास, कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ. - 492099
5	श्रीमती रेखा श्रीवास श्री रविकुमार श्रीवास	09-09-2022 02-12-2022	रू. 6,42,292/- (रुपये छह लाख बयालीस हजार दो सौ बान्वे मात्र)	फ्लैट नं. एलआईजी III - 224 (प्लॉट क्षेत्रफल 979 वर्गफीट), अटल विहार बीजाभट-एलआईजीIII, सीएचबी-अटल विहार बीजाभट हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अटल विहार बीजाभट, बेमेतरा, छत्तीसगढ. - 491335
6	श्रीमती झांगली बाई सारथी श्रीमती लीला सारथी श्री नागराज सारथी	09-09-2022 03-12-2022	रू. 4,39,127/- (रुपये चार लाख उनतालीस हजार एक सौ सत्ताईस रुपये मात्र)	प्लॉट नंबर 2495/1, पर निर्मित मकान, तहसील - जांजगीर चांपा, शांति नगर, जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ-495668
7	श्रीमती चंपेकलता हियाल श्री धीरज हियाल श्री चंद्रभानु हियाल श्री अविनाश हियाल	09-09-2022 & 10-10-2022 02-12-2022	रू.22,17,873/- (रुपये बाईस लाख सत्रह हजार आठ सौ तिहत्तर मात्र) एवं रू. 6,27,742/- (रुपये छह लाख सत्ताईस हजार सात सौ बयालीस मात्र)	खसरा नंबर 554/20, के भाग पर निर्मित मकान प.ह. नं.45, तहसील - पिथौरा, सकरा, महासमुंद, छत्तीसगढ., 493112
8	श्री बिग्नू सागर श्रीमती लक्ष्मी सागर श्री दामू सागर,	11-08-2022 01-12-2022	रू. 4,16,937/- (रुपये चार लाख सोलह हजार नौ सौ सैंतीस मात्र)	वार्ड नंबर 41, नेहरूनगर, विद्या नगर, बायरन बाजार, रायपुर, छत्तीसगढ, 492001
9	श्रीमती पिनेश्वरी बंजारे श्री शारदा बंजारे	11-08-2022 02-12-2022	रू. 2,60,174/- (रुपये दो लाख साठ हजार एक सौ चौहत्तर मात्र)	फ्लैट नंबर 102, ईडब्ल्यूएस - 02, सीएचबी - सेक्टर 30 नया रायपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर 30, नया रायपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ. - 492001

दिनांक : 07/12/2022
स्थान : छत्तीसगढ़

(शारीक सौदागर) प्राधिकृत अधिकारी
तर्फे स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड

एल&टी फायनांस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: 15वीं मंज़िल, पीएस सृजन टेक पार्क प्लॉट नं. 52, ब्लॉक डीएन, सेक्टर 5, सॉल्ट लेक सिटी, कोलकाता 700091, जिला 24-परगमना उत्तर.
सीआईएन नं.: U65910WB1993FLC060810
शाखा कार्यालय: रायपुर

L&T Financial Services

गिरवी संपत्ति की बिक्री के लिए सार्वजनिक नीलामी

वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रभावीकरण अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत एल&टी फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा एवं उक्त अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोगांतर्गत अपनी बकाया राशियों एवं आगामी ब्याज, प्रभारों, शुल्कों एवं व्ययों आदि की वसूली हेतु **''सार्वजनिक ई-निलामी''** के माध्यम से **''जहाँ है''** और **''जैसी स्थिति में है''** आधार पर निम्नांकित संपत्ति की ई-नीलामी की जा रही है.

मूल कर्जदाता का नाम	सिक्योर्ड प्रॉपर्टी का पता	लोन अकाउंट नंबर	भौतिक कब्जा लेना	अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट आरपी का 10% या अधिक (₹ में)	30.11.2022 के अनुसार कुल बकाया राशि (₹ में)	आरक्षित मूल्य (₹ में)	निरीक्षण का दिनांक	नीलामी का दिनांक और समय
1. नीलेश धीर 2. सीमा धीर	संपत्ति का पता - फ्लैट नं. बी-1/4, पहली मंज़िल पर, क्षेत्रफल 1100 वर्ग फुट, सूर्या टावर में, टीकरापाडा, पी.सी. नं. 114, रायपुर, तहसील और ज़िला रायपुर (छत्तीसगढ़), वार्ड नंबर-39, वीर शहीद पंकज विक्रम सिंह वार्ड, रायपुर कॉमन एरिया ए.बी.सी.डी. निर्मित क्षेत्रफल 1100 वर्ग फुट, सूर्या टावर कॉन्डोमिनियम पाचपेडी नाका के 40,000 वर्ग फुट के अविभाजित समानुपाती हिस्से पर स्थित, नगर निगम रायपुर की सीमा के भीतर, छत्तीसगढ़, निम्नलिखित रूप से घिरा हुआ - पूर्व - मार्ग (कॉरिडोर) पश्चिम - ओ.टी.एस. उत्तर - फ्लैट नं. बी-1/3 दक्षिण - फ्लैट नं. बी-1/1	RAIHL1700 0177 and RAIHL1700 0178	04.11.2022	रु. 3,60,000/-	रु. 68,68,319.74	रु. 36,00,000/-	02/01/2023	09/01/2023

सार्वजनिक निलामी के नियम व शर्तें

1. एसएआरएफएईएसआई कानून के प्रावधानों के अंतर्गत सार्वजनिक ई-नीलामी मोड की सहायता से और के ज़रिए ई-नीलामी बिक्री वेबसाइट https://sarfaesi.E-auctiontiger.net के माध्यम से अधिकृत अधिकारी द्वारा ऑनलाइन संचालित की जा रही है.
2. यह सार्वजनिक ई-नीलामी उपरोक्त तिथि एवं समय पर संचालित की जाएगी, जब उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति **''जहाँ है'' और ''जैसी स्थिति में है'' आधार पर बेची जाएगी.**
3. इस सार्वजनिक ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इसकी मंशा रखने वाले क्रेताओं/बोलीकर्ताओं को **02/01/2023** को या उससे पहले पेनकार्ड, कंपनी होने की स्थिति में मंडल संकल्पों और पते के प्रमाण की प्रतियों के साथ इन सुरक्षित संपत्तियों के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना धनराशि जमा के भुगतान के विवरण जमा करने होंगे.
4. इस सार्वजनिक ई-नीलामी में सफल न होने वाले अन्य सभी बोलीकर्ताओं की ईएमडी को सार्वजनिक ई-नीलामी के समापन के 7 दिन के भीतर एलटीएफ द्वारा वापस कर दिया जाएगा. इस ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा.
5. सफल क्रेता/बोलीकर्ता द्वारा उसके प्रस्ताव का 25% (ईएमडी सहित) भाग **09/01/2023** को यानी ई-नीलामी के दिन शाम 18.00 बजे या उससे पहले या उसके अगले कार्यदिवस यानी **10/01/2023** को जयपुर में देय ''एल&टी फाइनेंस लिमिटेड'' के पक्ष में डीडी/पीओ के माध्यम से जमा करवाया जाएगा, जिस जमा की पुष्टि एल&टी फाइनेंस लिमिटेड द्वारा की जानी चाहिए, जिसमें असफल रहने पर विक्रय को असफल माना जाएगा और उक्त सफल बोलीकर्ता की ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा. शेष राशि यानी क्रय राशि का 75% भाग क्रेता द्वारा एल&टी फाइनेंस लिमिटेड को अचल संपत्ति के विक्रय की पुष्टि होने के पंद्रह दिन या उससे पहले या कानून के प्रावधानों के अनुसार ऐसी विस्तारित अवधि में देय होगा.
6. संपत्ति की जाँच या अधिक जानकारी के लिए, भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी यानि कि **''नाम - संजय अग्रवाल, संपर्क नं. 9981146636, एल&टी फायनांस लिमिटेड - एल&टी फायनांस लिमिटेड, एलआइसी बिल्डिंग के सामने, पहली मंज़िल, पीएनबी बैंक के ऊपर, सिमरन टावर, पांडरी-रायपुर- 492001 और अंकित विग, संपर्क नं. 8668943242, एल&टी फायनांस लिमिटेड - कार्यालय: 6ठी मंज़िल, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सिडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई - 400 098''** ई-नीलामी के किसी भी चरण में, प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्वसूचना के बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/रद्द कर सकते हैं या ई-नीलामी को स्थगित कर सकते हैं।
7. सफल क्रेता/बोलीकर्ता को ऐसे कोई भी वैधानिक शुल्क, कर, देय प्रभार, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि वहन करना होगा, जो लागू कानूनों के अनुसार संपत्ति को उसके पक्ष में सौंपने/प्रदान करने के लिए भुगतान करने की आवश्यकता हो.
8. ऋणी/गारंटर, जो उक्त बकाया राशियों के लिए देनदार हैं, द्वारा उपरोक्त सार्वजनिक ई-नीलामी विक्रय के धारण के बारे में प्रतिभूति हित (प्रभावीकरण) नियम के नियम 8 (6) के अंतर्गत एक सूचना के रूप में इस विक्रय सूचना को लिया जाएगा.
9. कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/मॉर्टगेजर को एतद्द्वारा उक्त ई-नीलामी दिनांक से पहले ऊपर वर्णित विवरणों के अनुसार संपूर्ण बकाया लोन राशि अदा करने का आवाहन किया जाता है जिसमें विफल रहने पर एल&टी फाइनेंस लि. एसएआरएफएईएसआई में दिए गए प्रावधानों के अनुसार संपत्ति को बेच देगी.
10. कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/मॉर्टगेजर और जन सामान्य को एतद्द्वारा एल&टी फाइनेंस लिमिटेड की लिखित रूप में पूर्व सहमति के बिना सूचना में संदर्भित सिक्योर्ड संपत्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा किसी तरीके से अंतरित करने से निषिद्ध किया जा रहा है.

कृत/-
प्राधिकृत अधिकारी
एल&टी फाइनेंस लिमिटेड के लिए

दिनांक: 07.12.2022
स्थान: रायपुर